Source:- www.amarujala.com
Date:- December 05, 2018

डीआरआई ने जब्त किया तस्करी का 66 किलो सोना व 21 करोड़ रुपये, चार लोग गिरफ्तार

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, नई दिल्ली Updated Sat, 08 Dec 2018 06:14 PM IST

जब्त किया गया तस्करी का सोना - फोटो : ANI

एक तस्करी संगठन के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा चलाए गए एक अभियान में तस्करी का 66 किलो सोना और करीब 21 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई द्वारा 6 व सात दिसंबर को लखनऊ, कोलकाता व सिलिगुड़ी में यह कार्रवाई की गई थी।